पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आई0ए0एस0 वीक पर दिया रात्रिभोज
राजभवन में आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम

लखनऊ 2 फरवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आई0ए0एस0 सर्विस वीक के अवसर पर आज राजभवन में आई0ए0एस0 एसोसिएशन के सदस्यों को रात्रिभोज पर आमंत्रित किया। रात्रिभोज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव डॉ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय, राजस्व परिषद के अध्यक्ष एवं आई0एस0एस0 एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रवीर कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह सहित प्रदेश के आई0ए0एस0 अधिकारी सपत्नीक उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष जल निगम श्री जी0 पटनायक, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड श्री राकेश गर्ग सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। रात्रिभोज के बाद आई0ए0एस0 एसोसिएशन द्वारा राजभवन के गांधी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।
सांस्कृतिक कार्यक्रम में 2017 बैच की अधिकारी सुश्री सौम्या पाण्डेय द्वारा गणेश वंदना कथक के अंदाज में तथा श्रीमती निशा सिंह व साथियों द्वारा शिव स्तुति प्रस्तुत की गयी। अपर मुख्य सचिव श्रीमती अनीता भटनागर जैन, श्रीमती मालिनी अवस्थी, श्रीमती नीतू गोयल व अन्य आई0ए0एस0 अधिकारियों द्वारा गायन एवं नृत्य, नाटक, कविता एवं समूह गायन में अपनी प्रस्तुतियाँ दी गयी।

अंजुम/ललित/राजभवन (39/2)